## संक्षिप्त

### धूमधाम से मनाई गणेश चतुर्थी

**गोविंदगढ /अलवर** (गोविंद गौतम) गोविंदगढ कस्बे के गणेश मंदिर को बडे ही धूमधाम से सजाया गया गणेश मंदिर के महंत गिर्राज शर्मा ने बताया कि भक्त अपने मन में आस्था और मनोकामना लिए हुए रिद्धि- सिद्धि के दाता के दरबार में हाजिरी लगा रहे हैं। सवेरे से ही बच्चों सहित महिलाएं, पुरुष मंदिर पहुंचकर भगवान गणेश जी का आशीर्वाद और प्रसाद प्राप्त कर रहे हैं। दोपहर 3:00 बजे मंदिर से भव्य शोभायात्रा झांकियां के साथ कस्बे मुख्य बाजारों से होकर निकलेगी उसके बाद गणेश मंदिर पहुंचेगी शाम 6:00 बजे माखन मटकी का कार्यक्रम मंदिर के आगे में किया जिसमें महिला बच्चे बुजुर्गों भारी संख्या में आकर गणेश चतुर्थी पर्व का भरपूर आनंद लिया और गणपति बप्पा मोरया के जयकारे गुंजे सभी को प्रसादी वितरण की गई भगवान गणेश के प्रति श्रद्धालुओं की भावना देखने को मिली।

### भोजन पैकेट का वितरण

**कोटपूतली।** युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव भीम पटेल द्वारा पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट के जन्मदिवस पर शनिवार को घुमन्तु जातियों के जरूरतमंद परिवारों को कस्बे के मुख्य चौराहे पर कपड़े व भोजन पैकेट का वितरण किया गया। वहीं पटेल ने कस्बा स्थित राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में मरीजों को फलों का वितरण किया। साथ ही उनकी ओर से स्वैच्छिक रक्तदान भी किया गया। इस मौके पर डॉ. एस.के. अग्रवाल, डॉ. जयनारायण बैरवा, डॉ. जयदयाल, बलवीर यादव, रमाकांत यादव, उमेश वर्मा, रघुनाथ, राहुल सैनी, जगदीश गुर्जर, विष्णु, अशोक सैनी, कृष्ण रावत, महेन्द्र रावत, शिवपाल, सुरेश सैनी व दीपक समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### संजय चौधरी को मिली डॉक्टरेट की उपाधि

**कोटपूतली।** कस्बा निवासी संजय चौधरी (सोनू) को डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई है। संजय चौधरी ने अपना शोध कार्य प्रोफेसर डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के निर्देशन में राजऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय अलवर से पूर्ण किया है। चौधरी ने बहरोड़ तहसील में नगरीकरण से सामाजिक-आर्थिक विकास का भौगोलिक अध्ययन (1995 से 2020 तक के संदर्भ में) विषय पर शोध कार्य किया। वर्तमान में डॉ. चौधरी विद्या संबल योजनान्तर्गत राजकीय महाविद्यालय विराटनगर में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत है।

### राजवीर जाट ने नई पद्धित विकसित की

**निवाई ।** सिरस के गांव वजीराबाद बुरियों का खेड़ा गांव के राजवीर जाट ने आर्थिक गतिविधियों के पूर्व अनुमान के लिए एक नई पद्धित विकसित की है। उनके शोध पत्र को विश्व की श्रेष्ठतम अर्थ नीति कॉन्फ्रेंस 2024 में शामिल किया गया है। अर्थ नीति शोध पत्र को भी शामिल किया गया है। रिसर्च में कई नोबेल पुरस्कार विजेता शामिल हैं। राजवीर जाट के आर्थिक शोध पत्र को रिसर्च विवेचना करने के लिए चयनित किया है। इस कांफ्रेंस कंपीटीशन में पूरे अमेरिका में सिर्फ तीन चार पीएचडी स्कॉलरशिप चयनित होते हैं। राजवीर के अलावा अन्य छात्र नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्रियों के साथ अध्ययन करते हैं। राजवीर अपने रिसर्च के बारे में बताते हैं कि उनकी पद्धित मशीन लर्निंग एवं आधुनिक गणितीय तरीके को आर्थिक गतिविधियों के पूर्व अनुमान में लगती है। राजवीर सभी होनहार विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणा है। उन्होंने एक छोटे से गांव की सरकारी स्कूल से आठवीं तक पढाई की थी। राजवीर ने अपनी प्रतिभा से दुनिया के शोध कम्युनिटी में जगह बनाई है।

### आवेदन की अन्तिम तिथि 15 सितम्बर

**निवाई-** जिला मुख्यालय पर नव निर्मित छात्रावास में 20 छात्रों के प्रवेश के लिए 15 सितम्बर तक प्रवेश फार्म भरे जा सकेंगे। अखिल भारतीय रैगर महासभा के जिलाध्यक्ष शंकरलाल हाथीवाल ने बताया कि आवेदन पत्रों की जांच 16 सितम्बर से 20 सितंबर तक की जाएगी। प्रथम सूची का प्रकाशन 21 सितम्बर को किया जाएगा। प्रवेश के लिए छात्र अपनी शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्रएआधार कार्ड एवं मूल निवास प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र छात्रवास अधीक्षक सुरेश जाबडोलिया, मनराज वर्मा एवं रामजीलाल खमोखरिया के पास 15 सितम्बर तक जमा करवा सकते हैं।

# छठवें दिन 5 सूत्रीय सभी मांगों पर सहमती बनने पर धरना समाप्त

**चौरु/उनियारा।** उनियारा उपखण्ड क्षेत्र की पंचायत समिति मुख्यालय अलीगढ पर बीते दिनों 1 सितम्बर से ग्राम पंचायत बिलोता के विकास व निर्माण कार्यों समेत पीएम आवास योजना में अनियमितताओं, धांधली, गबन व भ्रष्टाचार के जुड़े मामले में पंचायत समिति के विरूद्ध जागरूक नागरिक आमजन सेवा समिति संयोजक व शाला प्रबन्धन समिति राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सहादतनगर के अध्यक्ष शिवराज बारवाल मीना (सामाजिक कार्यकर्ता) द्वारा दिया जा रहा था धरना शनिवार को छठे दिन समाप्त हुआ।

इस दौरान धरना प्रदर्शन को क्षेत्र के कई जन-प्रतिनिधियों एवं आमजन का भी समर्थन मिला। दिनों-दिन धरना प्रदर्शन की चर्चाएं आमजन में हो रही है। धरने के पांचवे दिन उनियारा वृताधिकारी सालेह मोहम्मद,एवं तहसीलदार देवेन्द्र कुमार राव भी धरना स्थल पर पहुंचे और धरनार्थी से बात चीत की है। पंचायत समिति सहित ग्राम पंचायत बिलोता से जुड़ी

ग्राम पंचायत बिलोता के विकास व निर्माण कार्यों समेत पीएम आवास योजना में अनियमितताओं की जांच की मांग को लेकर चल रहा धरना समाप्त हुआ।

स्कूल घटिया निर्माण पीएम आवास,नरेगा फजावाडा, निर्माण कार्यों में फर्जीवाडा समेत आरटीआई सूचना नहीं देने से जुड़ा मामला था धरनार्थी सामाजिक कार्यकर्ता शिवराज बारवाल मीना से मांगों के निस्तारण को लेकर वार्ता हुई है। वार्ता के दौरान ऐसे संकेत मिले हैं कि उपखण्ड प्रशासन के बीच सहमति बन सकती हैं । मांगों को लेकर उच्च स्तरीय जांच व दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही को लेकर हुई गहन चर्चा की गई। अलीगढ़ पंचायत समिति मुख्यालय पर पांच वें दिन भी अनिश्चितकालीन धरना जारी रहा इस दौरान शनिवार सुबह को पंचायत समिति मुख्यालय अलीगढ़ पर 1सितम्बर से चल रहा धरना 6 वें दिन 5 सूत्रीय सभी मांगों पर सहमती बनने पर समाप्त कराया गया।धरना स्थल पर 2 दिन तक लगातार जिला व उपखण्ड प्रशासन के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक उनियारा सलेह मोहम्मद व तहसीलदार अलीगढ़

- **मांगों को जायज व जनहित में मानते हुए जल्द कार्यवाही का आश्वासन दिया**

देवेन्द्र कुमार राव वार्ता हुई, बैनर में शामिल सभी मांगे व मुद्दो पर आरोपी दोषियों के विरूद्ध उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कमेटी आगामी 7 दिवस में गठित कराने एवं दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई कराने,पीएम आवास सहित निर्माण कार्यों की राशि को रिकवर कराने जांच रिकॉर्ड में फेरबदल करने का अलग से मुकदमा परिवादी द्वारा कराने और मानसिक छवि धूमिल कर प्रताडित करने वाले सरपंचों व असामाजिक तत्वों के विरूद्ध स्वतंत्र रूप से अलग से कोर्ट से कार्यवाही कराने, प्रमाणित तथ्यों अनुसार सभी मांगों को जायज व जनहित में मानते हुए जल्द कार्यवाही का आश्वासन दिया गया और दोषियों को जांच कमेटी में शामिल नहीं किया जाएगा।

### शोभायात्रा में उमडे श्रद्धालु

**निवाई ।** सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अठावाल मंदिर में मुनि अनुसरण सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में 48 दिवसीय भक्तामर महामण्डल विधान के समापन पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें सैकडों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। चातुर्मास कमेठी के अध्यक्ष सुनिल भाणजा ने बताया कि 48 दिवसीय भक्तामर महामण्डल विधान के समापन पर सर्वप्रथम प्रातः भगवान शांतिनाथजी के अभिषेक, शांतिधारा, भक्तामर महाअर्चना व विश्वशान्ति महायज्ञ एवं 48 पालकियों में श्रीजी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें सर्वप्रथम ध्वज पताकाओं को लेकर श्रद्धालु जुलूस के आगे चल रहे थे।

# किशोर सक्सेना अध्यक्ष निर्वाचित

**दौसा ।** कैटरिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर किशोर सक्सेना का निर्वाचित होना दौसा के कैटरिंग व्यवसायियों के लिए एक महत्वपूर्ण घटना है। गेटोलाव धाम में शुक्रवार को हुए इस चुनाव के परिणाम ने न केवल संगठन के भविष्य को नई दिशा दी है, बल्कि स्थानीय व्यवसायियों की उम्मीदें भी सक्सेना से जुड़ी हैं। संरक्षक संजय जैन ने सक्सेना के नेतृत्व की सराहना की और विश्वास जताया कि वे संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सफल होंगे।

किशोर सक्सेना ने अध्यक्ष पद ठाहण करते हुए संगठन की मजबूती और रात्रि 12 बजे के बाद मैरिज गार्डन में किसी भी गतिविधि पर रोक लगाने पर जोर दिया। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि संगठन की नई

दौसा कैटरिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर किशोर सक्सेना का निर्वाचित हुआ।

कार्यकारिणी का गठन जल्द ही किया जाएगा, जिससे संगठन को अधिक प्रभावी तरीके से संचालित किया जा सके। इस अवसर पर दौसा के सभी प्रमुख कैटरिंग व्यवसायी उपस्थित थे, जिससे यह स्पष्ट होता है कि कैटरिंग एसोसिएशन का यह चुनाव स्थानीय व्यापार जगत में गहरी रुचि का विषय है।

# कालाडेरा में प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

**चौमू / कालाडेरा,** ( निंस ) कालाडेरा कस्बे में स्थित राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय में चल रहे ,राजस्थान राज्य संस्कृत शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान महापुरा जयपुर द्वारा आयोजित षड् दिवसीय कम्पूटर आधारित दक्ष प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह शनिवार को दिनांक 7 सितम्बर 2024 को कस्बे में स्थित माहेश्वरी धर्मशाला में आयोजित हुआ। समापन समारोह की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन से हुई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा व्यवसायी रघुनंदन भाला सारस्वत अतिथि शिक्षाविद् सांवरमल शास्त्री विशिष्ट अतिथि पी ई ई ओ जगदीश प्रसाद सैनी एवं प्रधानाचार्य श्रीमती सुमन झालानी रहे। अतिथि स्वागत के पश्चात दक्ष प्रशिक्षक उपेन्द्र सांखला एवं नितेश शर्मा

कालाडेरा कस्बे में स्थित राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय में चल रहे कम्प्यूटर आधारित दक्ष प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह आयोजित हुआ।

ने शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले दक्ष प्रशिक्षकों ने भी अपने अनुभव साक्षा किये। शिक्षाविद् सांवरमल शास्त्री ने भी प्रशिक्षण की उपादेयता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्राध्यापक गिरधारी लाल शर्मा ने किया। शिविर व्यवस्थापक संतोष नागर ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में राजस्थान के सभी संभागों के 36 शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं जो अपने अपने जिलों में जाकर दक्ष प्रशिक्षक की भूमिका का निर्वहन करेंगे । मुख्य अतिथि रघुनंदन भाला की ओर से समस्त संभागीयों एवं अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

### नगर भ्रमण के साथ गणपति उत्सव शुरु

**किशनगढ़** बास। गणेश चतुर्थी पर शहर के वार्ड 9 मुख्य बाजार खुराना चौक पर पंडित राजाराम शर्मा व दीपक मिश्रा ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराकर गणपति बप्पा मोरया की गूंज के साथ गणपति विराजमान कराए । इससे पहले गणपति भगवान की प्रतिमा को नगर भ्रमण कराया गया। जगह-जगह रास्ते में भक्तों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

गणपति पूजा में मीनाक्षी मुकेश सोनी राजेश आडवाणी सचिन कुमार गौरव खुराना सुरेश कुमार ने मंत्रोच्चार के साथ पूजा की। गणपति आरती में बड़ी संख्या भक्तजन उपस्थित रहे। सब्जी पूरी लड्डुओं का प्रसाद वितरण किया गया। गणपति उत्सव आयोजन समिति के संरक्षक मदन लाल अठावाल हरमेश खुराना सहित शहीद खान हरीओम गुप्ता सांवरिया हिमांशु गुप्ता गुलशन घारी सिंधी आदि सदस्यों ने पूजा में शामिल हुए गणमान्य लोगों का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया। पुजारी दीपक शर्मा ने बताया कि प्रत्येक दिन सुबह 8:00 बजे वह 7 बजे आरती व प्रसाद वितरण किया जाएगा।

# गणपति मंदिरों पर गणपति बप्पा मोरिया की गूंज

**राजगढ़ ।** कस्बे के गणेश पोल स्थित रिद्धि सिद्धि विनायक मंदिर पर मेला एवं बड़ा गणपति मंदिरों पर गणपति बप्पा मोरिया की गूंज रही। इस अवसर पर आकर्षकझाकियों के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई ।शनिवार प्रात काल से ही दोनों मंदिरों में पूजा अर्चना करने वाले श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। इसी दौरान मंदिरों में भव्य झांकियां एवं सजावट प्रमुख आकर्षण का केंद्र रही। इससे पूर्व कभी रिमझिम तो कभी तेज बारिश के कारण गणेश मंदिरों में व्यवस्थाएं प्रभावित रही, मगर श्रद्धालुओं का जोश कम नहीं हुआ।

गणेश चतुर्थी महोत्सव को लेकर दोनों मंदिरों में आयोजकों की ओर से श्रद्धालुओं को सुविधाजनक गणपति दर्शन के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। रिद्धि सिद्धि विनायक गणेश जी महाराज ट्रस्ट की ओर से 7 सितंबर को भव्य श्रृंगार, आरती, महाकाल सहित अनेक झांकियां एवं साय 6:15 बजे महा आरती का आयोजन हुआ। मंदिर के महंत त्रिलोक शर्मा अध्यक्ष बसंत गुप्ता ने बताया कि गणेश चतुर्थी महोत्सव को भव्य एवं आकर्षक बनाने के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। गणेश जन्मोत्सव को लेकर कस्बे में चारों ओर तोरण द्वार बनाकर दुल्हन की तरह सजाया गया है। बड़ा

राजगढ़कस्बे के गणेश पोल स्थित रिद्धि सिद्धि विनायक मंदिर पर मेला भरा। इस दिन गणपति मंदिरों में आकर्षक झाकियों के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई ।

गणपति मंदिर पर आयोजित कार्यक्रम से जुड़े अध्यक्ष अशोक खुटेटा, महेश आकड़ एवं अन्य ने बताया कि आसपास के भवनों पर भव्य प्रकाश व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं के लिए दर्शन की विशेष व्यवस्था की गई। पुलिस प्रशासन का पुख्ता प्रबंध रहा।खाटूधाम के लिए पदयात्रा हुई रवाना : निवाई शहर की इन्दिरा कालोनी स्थित श्याम मंदिर से खाटूधाम के लिए शनिवार की सुबह पदयात्रा रवाना हुई। श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष रवि अठावाल ने बताया कि श्याम मंदिर में पदयात्रियों ने श्याम बाबा और निशान की पूजा अर्चना की। इसके बाद सभी पदयात्रियों का पालिकाध्यक्ष दिलीप इसरानी ने स्वागत किया। श्याम पदयात्रा का जुलूस श्याम मंदिर से रवाना होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरा। पदयात्रा के जुलुस में शामिल पदयात्री श्याम बाबा के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। जुलुस मार्ग में श्रद्धालु जगह-जगह बाबा श्याम की आरती उतारकर पुष्पवर्षा करते हुए दिखाई दिए। जुलुस में शामिल पदयात्री श्याम बाबा के भजनों पर नाचते गाते हुए चल रहे थे। पदयात्रियों का बाईपास पहुंचने पर अंगीरा धाम पर स्वागत किया गया। विनोद तिवाडी ने बताया कि पदयात्रा गुरूवार को खाटूधाम पहुंचेगी। जहां भजन संध्या आयोजित की जाएगी और मंदिर पर निशान अर्पित कर सवामणी की जाएगी। पदयात्रा के जुलूस में रामचरण विजय, सर्वेश द्विवेदी, पुरषोत्तम शर्मा, सुभम बोहरा, कुलदीप टेलर, सौरभ जैन, अजय जैन, सुमित सैनी, सर्वेश शर्मा, रवि पारीक, मदन तिवाडी, मुरारी अठावाल, हीरू सिंधी व महेश दरगड सहित कई श्याम भक्त मौजूद थे।

## सार-समाचार

### सांभर से हरिद्वार के लिए स्पेशल बस सेवा शुरू

**सांभरझील।** राजस्थान सरकार की मोक्ष कलश यात्रा योजना के तहत सांभर से हरिद्वार के लिए स्पेशल बस सेवा शुरू हुई। यह बस सांभर से शाम 4.15 बजे चलकर जोबनेर, कालवाड़ रामपुरा, चितवाड़ी, मनोहरपुर, शाहपुरा, कोटपुतली, निमराना, बबलचौक, गुड़गांव, दिल्ली, मोदीनगर मेरठ, खातोली, रूड़की होते हुए सुबह 6.15 हरीद्वार पहुंचेगी और वापसी में उसी दिन शाम 3 बजे से हरिद्वार से चल कर सुबह 5 बजे सांभर पहुंचेगी। बुकिंग इंचार्ज जितेश शर्मा ने बताया कि मोक्ष कलश के साथ दो सवारी का आना-जाना फ्री वही ठामीणों द्वारा गंगा स्नान एवं मोक्ष कलश के लिए स्पेशल बस सेवा शुरू होने पर ड्राइवर-कंडक्टर का माला पहनाकर स्वागत किया।

### केक काटकर की पायलट की लम्बी उम्र की कामना

**कोटपूतली।** पूर्व डिप्टी सीएम व एआईसीसी महासचिव सचिन पायलट का 47 वाँ जन्मदिन शनिवार को कोटपूतली में कांग्रेसजनों द्वारा बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर पायलट की मंशा अनुरूप कस्बा स्थित श्री जयसिंह गौशाला में जिला स्तरीय गौ सेवा संकल्प कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जहाँ कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने गौ माताओं को गुड़ व दलिया के साथ गौ सवामणी खिलाई। साथ ही उनके दैनिक भोज के लिये हरा व सुखा चारा भी अर्पित किया। इस मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केक काटकर पायलट की लम्बी उम्र व उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना द्वारा दो पिकअप सुखा चारा गौशाला को भेंट किया गया। वहीं पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष व कांग्रेस नेता सांवत गुर्जर ने चार सवामणी, एक ट्रैक्टर हरा चारा एवं 50 किलो गुड़ गौशाला को अर्पित किया। पूर्व मंत्री शकुन्तला रावत ने 5100 रूपयों की नकद राशि व प्रतिमाह एक सवामणी भेंट करने की घोषणा की। विराटनगर के पूर्व विधायक इन्द्राज गुर्जर द्वारा भी एक गाड़ी चारा गौशाला को भेंट किया गया। युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव प्रदीप गुर्जर ने एक सवामणी, कांग्रेस नेता छीत्तरमल रावत ने एक सवामणी गौशाला को भेंट की। बानसूर से आये पीसीसी मेम्बर सरजीत खटाना ने 4030 किलोग्राम सुखा व 3855 किलोग्राम हरा चारा गौशाला को भेंट किया। बानसूर के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने 6100 रूपये श्री जयसिंह गौशाला को भेंट किये। वहीं पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष व जिला पार्षद मन्जू रावत ने भी एक सवामणी श्री जयसिंह गौशाला को भेंट की। इस दौरान पूर्व विधायक रामचन्द्र रावत, पूर्व चौयरमैन प्रकाश चन्द सैनी, कांग्रेस नेता रामनिवास यादव, इंजी. दिनेश मीणा, सेवा दल जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव, सरपंच जगमाल यादव, मालीराम कम्पाउन्डर, सेडुराम कसाना, युवा कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राकेश रावत समेत अन्य पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया।

### सचिन पायलट के जन्मदिन पर गो सवामणि

**किशनगढ़ बास।** पूर्व उपमुख्यमंत्री राजस्थान एवम अखिल भारतीय कांठोस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट के 47 वे जन्मदिन पर श्री कृष्ण गौशाला में गौ माता सवामणि एवं रक्तदान शिविर का आयोजन बंबोरा घाटा हनुमान मंदिर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजस्थान प्रदेश कांठोस कमेटी के सचिव बलराम यादव एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत समिति तिजारा उपप्रधान दयाराम चावड़ा द्वारा की गई कार्यक्रम में गोस्वामनी के दौरान 61मन हरा चारा , गुड 1 क्विंटल, 50 मन सूखा चारा गौ शाला में दान कर गौ माता का विधि विधान से पूजन किया गया यादव ने बताया कि रक्तदान शिविर में युवाओं द्वारा बढ़ चढ़कर भाग लिया जा रहा है। शिविर में 151 यूनिट रक्तदान एकत्रित हुआ रक्तदान शिविर के अंत में उपप्रधान दयाराम चावड़ा द्वारा रक्तदान कर शिविर का समापन किया गया। इस दौरान जिला पार्षद चंद्रभान गुर्जर, पूर्व सरपंच हैतराम, युवा कांठोस विधानसभा पूर्व अध्यक्ष रामनिवास प्रजापत युवा कांठोस के जिला अध्यक्ष पवन खटाना, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के ब्लॉकअध्यक्ष गुलाब शर्मा, मेहर दीन, जिला उपाध्यक्ष यूथ कांठोस व पार्षद अर्जून ठाकुर, युवा नेता संजय चावड़ा सेवखेड़ा, रामकुमार चावड़ा,राजेश तवर, भोरे लाल , फकीरा पूर्व सरपंच,अंतू, कृष्ण यादव, रवि सैन, ब्लॉक अध्यक्ष कांठोस रामफूल डाई , कर्म चावड़ा, नवीन, देशराज, तिजारा कॉलेज उपाध्यक्ष अजय चंदेला, ओम वीर, सदीप ओला, राहुल दायमा,सहित कई सकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अभियान 11 से

**निवाई ।** प्रशासन द्वारा सूअरों पर कोई कार्यवाही नहीं करने के कारण किसान महापंचायत द्वारा गांव गांव ढाणी ढाणी संग अभियान की शुरुआत ठाम पंचायत खंडवा से 11 सितंबर से शुरू होगी। किसान महापंचायत के अध्यक्ष दशरथसिंह चौहान ने बताया कि सुअरों ने किसानो की फसलों को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया है। जिसको लेकर उपखंड अधिकारी, विधायक व जिला कलेक्टर को देने के बाद भी 3 महीने से प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसको लेकर किसान महापंचायत द्वारा गांव ढाणी के संग अभियान की शुरुआत ठाम पंचायत खंडवा से 11 सितम्बर से किया जाएगा।

### महिला छात्रावास निर्माण कार्य का शिलान्यास

**कोटपूतली।** कस्बे के टापरी रोड पर शनिवार को महिला थाना के सामने मेघवाल विकास समिति के तत्वाधान में मेघवाल महिला छात्रावास के निर्माण कार्य का भारत सरकार के विधि एवं न्याय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने बतौर मुख्य अतिथि शिलान्यास किया। इस मौके पर मेघवाल ने जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह व अन्य अतिथियों के साथ निर्माणाधीन महिला छात्रावास की पहली ईंट लगाकर विधि विधान से पूजा अर्चना की। मेघवाल ने कहा कि श्री गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर महिला छात्रावास का निर्माण कार्य शुरू होना एक सकारात्मक संदेश है। इससे यहाँ पढने वाली बालिकाओं व महिलाओं को सर्वांगीण विकास का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि जरूरी है कि समाज के विभिन्न जाति व वर्गो के बीच आपसी समरसता बढ़े। क्योंकि सामाजिक समरसता बढ़ेगी तो प्रत्येक समाज का उत्थान होगा। जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह ने कहा कि यह छात्रावास वंचित व शोषित वर्ग की महिलाओं व बालिकाओं को जीवन में सफलता के पथ पर आगे बढने का मार्ग प्रशस्त करेगा। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के तौर पर भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष कैलाश मेघवाल, बानसूर विधायक देवी सिंह शेखावत, विधायक प्रतिनिधि करण पटेल, पूर्व मंत्री राजेन्द्र सिंह यादव, नगर परिषद सभापति पुष्पा सैनी, सभापति प्रतिनिधि एड. दुर्गाप्रसाद सैनी व भाजयुमो के पूर्व प्रदेश मंत्री राजकुमार देवायुष सिंह शाहपुरा ने भी शिरकत की। सामदा धाम के महन्त श्री श्री 108 श्री हरिनाथ जी महाराज आर्शीवचन कहे। सभी अतिथियों ने पट्टीका का लोकार्पण कर छात्रावास निर्माण की नींव रखी। विशिष्ठ अतिथि के रूप में सेवानिवृत आईआरएस डी.आर. रैवाला ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समिति के जिलाध्यक्ष एड. सुबेसिंह मोरोडिया ने अतिथियों का स्वागत करते हुये विभिन्न समस्यायें गिनवाई व छात्रावास के लिये मांग पत्र रखा। मुख्य अतिथि मेघवाल ने अपने मंत्रालय से 10 लाख रूपये देने की घोषणा करते हुये कौशल विकास मंत्रालय से छात्रावास में महिला कौशल विकास केन्द्र खुलवाने का आश्वासन दिया। सांसद राव राजेन्द्र सिंह ने सांसद कोष से 10 लाख रूपये दिये जाने की घोषणा की। समिति के अध्यक्ष छोटूराम सामरिया ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये अतिथियों का आभार व्यक्त किया। सभी अतिथियों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान मिरचूराम सांवरिया, अलवर जिलाध्यक्ष करण सिंह छाछिया, तहसील अध्यक्ष अशोक पनवाल, चेतराम आर्य, दयाराम, राजू सरपंच, सुन्दर लाल, हरिपाल वर्मा, ओमप्रकाश आर्य, गिरधारी लाल, रामसिंह मैनेजर, आर.एस. झांझरिया, श्रीराम बाबूजी, बदलूराम आर्य, पार्षद उमेश आर्य, बसंत मांडैया, मुकेश कुमार, बीएस बेनीवाल, मातादीन दहमीवाल, रामपत सुंठवाल, कैलाश चंद धानका, भगवान सहाय, चिरंजी लाल आर्य, जगदीश आर्य, मदन लाल वर्मा, महेन्द्र रैवाला व कैलाश चन्द खापरवाल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।